रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 163
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .50

मौसम हरियाणा
अधि. 42.0°C
न्यून. 25.5°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने स्वर्ण पर जमाया कब्जा




हरियाणा सरकार



## विकसित भारत - विकसित हरियाणा

# श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है

3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन

10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन

2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

# लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## गरिमामयी उपस्थिति

**प्रो. असीम कुमार घोष**
राज्यपाल, हरियाणा

**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**श्री नितिन जयराम गडकरी**
केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल मंत्री

दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
(लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

## आप सादर आमंत्रित हैं



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ई-कार से जींद पहुंचे, कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा

# जींद से विकास को नई रफ्तार देंगे पीएम मोदी : नायब सैनी

### मुख्यमंत्री ने विपक्ष को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे और जनसभा की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने रेलवे जंक्शन और रैली स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानमंत्री 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर बाद बैटरी कार से जींद पहुंचे। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और रेलवे जंक्शन सहित रैली स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह रैली पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल (इको-फ्रेंडली) होगी। कार्यक्रम में सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों का ही उपयोग किया जाएगा, जिससे स्वच्छ ऊर्जा और ईंधन बचत का संदेश पूरे देश में जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जहां मंत्री, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता कार्यक्रम से जुड़ेंगे। विपक्ष के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पास न कोई मुद्दा है और न ही नेतृत्व। उन्होंने विपक्ष से भी राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इनमें करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से बने कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, भिवानी और नारनौल के नए सरकारी मेडिकल कॉलेज, अंबाला में 1857 के शहीद स्मारक, दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा हिस्से, अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड कॉरिडोर तथा कुरुक्षेत्र में आधुनिक सिख संग्रहालय का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से जींद सहित पूरे हरियाणा के विकास को नई गति मिलेगी।



जींद। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अधिकारी।

## चार स्तरीय सुरक्षा घेरे में रहेंगे मोदी मकानों की छतों पर स्नाइपर तैनात

**जींद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को जींद दौरे को लेकर पूरे शहर को अभेद्य सुरक्षा घेरे में तब्दील कर दिया गया है। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने और जनसभा को संबोधित करने के लिए आ रहे प्रधानमंत्री की सुरक्षा चार स्तरीय होगी। रेलवे जंक्शन और रैली स्थल के आसपास की इमारतों पर स्नाइपर तैनात कर दिए गए हैं, जबकि सुरक्षा एजेंसियां पूरे कार्यक्रम पर पैनी नजर रखेंगी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए सबसे बाहरी घेरा हरियाणा पुलिस का होगा। इसके भीतर अर्द्धसैनिक बल, फिर एनएसजी कमांडो और सबसे अंदर स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) का सुरक्षा घेरा रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे जंक्शन और रैली स्थल के आसपास व्यापक निगरानी की जा रही है। पुलिस विभाग ने सुरक्षा के लिए 15 आईपीएस अधिकारियों, 50 डीएसपी, 200 इंस्पेक्टर, 500 सब-इंस्पेक्टर, करीब 600 महिला पुलिसकर्मियों और पांच हजार जवानों की तैनाती की है। इसके अलावा 30 राइडर, छह पीसीआर, छह ईआरवी वाहन और 80 पुलिस नाके सक्रिय किए गए हैं। शहर के मुख्य मार्गों, गलियों और कटों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।प्रधानमंत्री रेलवे जंक्शन के निकट स्थित मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरेंगे। वहां से वह हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे और बाद में सड़क मार्ग से एकलव्य स्टेडियम के पास स्थित हुडा ग्राउंड पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे।

# कांग्रेस के बागी बने सरकारी मेहमान

### पीएम मोदी के जींद दौरे से पहले भाजपा ने पांच निलंबित कांग्रेस विधायकों को जिला स्तरीय कार्यक्रमों में दी अहम जिम्मेदारी, राजनीतिक गलियारों में तेज हुई चर्चाएं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को प्रस्तावित जींद दौरे से पहले हरियाणा की राजनीति में नया सियासी संदेश देने की कोशिश दिखाई दी है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ देने वाले कांग्रेस के पांच निलंबित विधायकों को भाजपा ने जिला स्तरीय सरकारी कार्यक्रमों में प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी है। इसे कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी को हवा देने और बागी विधायकों के प्रति भाजपा के राजनीतिक संरक्षण के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस ने इन पांचों विधायकों को पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसके बाद भी भाजपा उन्हें लगातार सरकारी कार्यक्रमों में प्रमुखता देती रही है।

इससे पहले भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान इन्हें मुख्य अतिथि के रूप में मंच साझा करने का अवसर मिल चुका है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जिला स्तरीय कार्यक्रमों में इन विधायकों को अहम भूमिका देकर भाजपा ने यह संकेत देने का प्रयास किया है कि भविष्य की राजनीति में उनके लिए उसके दरवाजे खुले हैं। इसे कांग्रेस के भीतर असंतुष्ट नेताओं पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति भी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस संगठन ने इन विधायकों से दूरी बना रखी है और पार्टी की बैठकों में उन्हें नहीं बुलाया जाता, लेकिन तकनीकी और कानूनी रूप से वे अभी भी कांग्रेस के विधायक हैं। राज्यसभा चुनाव में व्हिप लागू नहीं होने के कारण उनकी विधानसभा सदस्यता पर कोई संवैधानिक खतरा नहीं है। बजट सत्र के दौरान भी इन पांचों विधायकों का रुख कांग्रेस से अलग और भाजपा के समर्थन में नजर आया था।

#### जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में जोड़ा

भाजपा ने नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी को अंबाला, सढ़ौरा की विधायक रेणुबाला को यमुनानगर, पुन्हाना के विधायक मोहम्मद इलियास को नूंह, हथीन के विधायक मोहम्मद इसराइल को पलवल तथा रतिया के विधायक सरदार जरनैल सिंह को फतेहाबाद जिले के कार्यक्रमों से जोड़ा है। ये सभी कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जींद दौरे के समानांतर जिला स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

## सोशल मीडिया पर भी हाइड्रोजन ट्रेन हिट

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आमजन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी प्रसिद्ध हो गई है। अब लोग हाइड्रोजन ट्रेन के चलने को लेकर काफी उत्साहित हैं ताकि ट्रेन में बैठ कर सेल्फी ले सकें। सोशल मीडिया पर लोग रेलवे जंक्शन के सामने खड़े होकर वीडियो भी बना रहे हैं और वीडियो को इंस्टा, फेसबुक व अन्य सोशल अकाउंड पर डाल रहे हैं। हालांकि हाइड्रोजन ट्रेन के पास किसी को भी जाने की इजाजत नही है। इसके अलावा पीएम कार्यक्रम को लेकर शहर में जगह-जगह लगाए गए हैं।

## पांच दिन तक जिलों में डेरा डालेंगे कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए अभियान की शुरूआत कर दी है। पार्टी हरियाणा प्रभारी संजय दत्त ने 18 से 25 जुलाई तक का पांच दिवसीय जिला दौरा कार्यक्रम जारी किया है। इस दौरान वे प्रदेश के पांच जिलों में पहुंचकर जिला कार्यकारिणी, विधानसभा क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठकों में संगठन की स्थिति, बूथ नेटवर्क और एसआईआर अभियान की भी समीक्षा होगी। अधिकांश महत्वपूर्ण बैठकों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि लगातार चुनावी हार और संगठनात्मक बदलावों के बीच कांग्रेस अब कार्यकर्ताओं से सीधा फीडबैक लेकर जिला और विधानसभा स्तर पर नई रणनीति तैयार करेगी। संजय दत्त 18 जुलाई को मुंबई से चंडीगढ़ पहुंचेंगे। 19 जुलाई को पंचकूला के सेक्टर-15 स्थित बिश्नोई धर्मशाला में पंचकूला और कालका विधानसभा के नेताओं व कार्यकर्ताओं से अलग-अलग बैठक करेंगे। इसके बाद जिला कार्यकारिणी के साथ संगठनात्मक समीक्षा बैठक होगी। इसी दिन वे यमुनानगर पहुंचकर वहां भी जिला कार्यकारिणी और नेताओं से संवाद करेंगे।


**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राजकीय विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**वॉक-इन-इंटरव्यू सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-06 ऑफ 2026)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 अथवा नियमित नियुक्तियों तक, जो भी पहले हो, के लिए सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग में अनुबंध पर 2026-27 के विश्वविद्यालय नॉर्म्स के अनुरूप समेकित पारिश्रमिक रु. 57700/- पर असिस्टेंट प्रोफेसर्स के तौर पर नियुक्ति के लिए यूजीसी/राज्य सरकार/महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा निर्धारित अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर की योग्यता रखने वाले पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

अनारक्षित-2, ओएससी-1, डीएससी-1, बीसीए-01

पात्र उम्मीदवार एक संक्षिप्त बायो-डेटा और सभी सम्बद्ध प्रत्यायकों की स्व-सत्यापित प्रतियों सहित निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन (हार्ड कॉपी) असिस्टेंट रजिस्ट्रार (स्थापना-अध्यापन), म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक के पास 27.07.2026 को अप. 5:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं।

आवेदनों की संवीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा गठित स्थायी संवीक्षा समिति द्वारा की जाएगी। केवल पात्र पाये गये उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए चयन समिति के समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 30.07.2026
उपस्थिति समय : पूर्वा. 09:00 बजे
स्थान : रजिस्ट्रार कमेटी रूम, एमडीयू, रोहतक

उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय प्रमाणीकरण हेतु सभी मूल प्रमाण-पत्र/प्रत्यायक और अन्य सम्बद्ध दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करने होंगे।

नियुक्ति उपरोक्त अवधि के लिए पूर्णतया अनुबंध आधार पर होगी और अनुबंधात्मक अवधि के पश्चात नियमित नियुक्ति अथवा निरंतरता के लिए कोई दावा अथवा अधिकार प्रदान नहीं करेगी। वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

संवाद-1235/11/177/2027/47245/सी/88/6 दि. 16.07.26 रजिस्ट्रार


## खबर संक्षेप

### आईएएस अजय तोमर को केंद्र में प्रतिनियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के 2012 बैच के आईएएस अधिकारी अजय सिंह तोमर को केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में निदेशक (डायरेक्टर) नियुक्त किया है। नियुक्ति को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी मिलने के बाद कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने गुरुवार को आदेश जारी किए। डीओपीटी के आदेश के अनुसार अजय सिंह तोमर की नियुक्ति केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत की गई है। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगा

### विकास एजेंसी के के लिए लिंक अधिकारी नामित

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने मेवात विकास एजेंसी, नूंह के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) की गैर-मौजूदगी में कार्य का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिंक अधिकारी नामित किए हैं। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट, नूंह को लिंक अधिकारी-1 तथा उपमंडल अधिकारी (नागरिक), नूंह को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। ये लिंक अधिकारी संबंधित अधिकारी के अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनाव ड्यूटी पर रहने की स्थिति में तथा स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति या किसी अन्य कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में कामकाज देखेंगे। संबंधित अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे अथवा चुनाव ड्यूटी पर जाने से पूर्व नामित लिंक अधिकारियों को इसकी सूचना देना सुनिश्चित करेंगे।

## पति के कथित गबन में पत्नी को सिर्फ बैंक खाते के आधार पर आरोपी नहीं ठहराया जा सकता

■ हाई कोर्ट ने 50 लाख के गबन मामले में महिला की अग्रिम जमानत की स्थायी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 50 लाख रुपये के कथित गबन मामले में आरोपी कर्मचारी की पत्नी को बड़ी राहत देते हुए उसकी अंतरिम अग्रिम जमानत को स्थायी कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल इस आधार पर किसी व्यक्ति को आरोपी नहीं माना जा सकता कि उसके बैंक खाते में कथित गबन की रकम का कुछ हिस्सा स्थानांतरित हुआ है। यदि वह जांच में सहयोग कर रहा है और हिरासत की मांग केवल रकम की बरामदगी के लिए की जा रही है, तो गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है। मामला करनाल के तरावड़ी थाने में 13 मार्च 2026 को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता नरेंद्र ने आरोप लगाया था कि उनकी कंपनी के कर्मचारी शिव कुमार ने कई महीनों में करीब 50 लाख रुपये का गबन किया। आरोप है कि इस राशि का कुछ हिस्सा विभिन्न बैंक खातों में भेजा गया, जिनमें उनकी पत्नी मीनाक्षी का बैंक खाता भी शामिल था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि वह गृहिणी है और उसका बैंक खाता उसके पति संचालित करते थे। खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर भी पति के नाम पर था। केवल मुख्य आरोपी की पत्नी होने के कारण उसके खिलाफ आपराधिक दायित्व तय नहीं किया जा सकता। यदि खाते में कोई राशि आई भी है तो बैंक खाते को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के तहत उसकी वसूली की जा सकती है।

### नाबालिग की अभिरक्षा तय करेगी चाइल्ड वेलफेयर कमेटी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 16 वर्ष 11 माह की नाबालिग लड़की और 20 वर्षीय युवक की ओर से दायर जीवन एवं स्वतंत्रता की सुरक्षा संबंधी याचिका का निपटारा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने कहा कि नाबालिग लड़की किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत ᳚देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे᳚ की श्रेणी में आती है। इसलिए उसकी अभिरक्षा का निर्णय चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ही करेगी। जस्टिस शालिनी सिंह नागपाल की पीठ के समक्ष दायर याचिका में बताया गया कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि लड़की के माता-पिता इस संबंध का विरोध कर रहे हैं और दोनों को जान से मारने की धमकी दी है। इसी कारण लड़की युवक के साथ रहने लगी। इस मामले में कैथल पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## कार खाई में गिरी एएसआई घायल

**पंचकूला।** मोरनी बड़ी शेर रोड पर गांव सेमू के पास एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती कराया गया है। स्थानीय चौकी के एएसआई राजेंद्र ने बताया कि घायल की पहचान जगबीर (52) के रूप में हुई है। जगबीर चंडीगढ़ के निवासी हैं और चंडीगढ़ पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार, कार मोरनी की ओर से आ रही थी और सेमू के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल जगबीर को कार से निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरनी ले जाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें पंचकूला सेक्टर 6 अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई भेजा गया।

## टोल के नाम पर हरियाणा की जनता से हो रही लूट : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में टोल शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में टोल के नाम पर जनता से लूट हो रही है और



देश में सबसे अधिक टोल वसूली हरियाणा से की जा रही है। वह करनाल, कुरुक्षेत्र, हिसार, पानीपत और झज्जर के टोल प्लाजा पर बढ़ी दरों को लेकर प्रतिक्रिया दे रहे थे। हुड्डा ने कहा कि एक ओर वाहन चालक महंगे ईंधन, टैक्स और इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की मार झेल रहे हैं, वहीं सरकार ने कार, जीप और व्यावसायिक वाहनों के टोल शुल्क में 10 से 30 रुपये तक की वृद्धि कर लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित थाना टोल प्लाजा सहित कई टोलों पर तीन महीने में दूसरी बार दरें बढ़ाई गई हैं। हिसार के रामायण टोल प्लाजा पर भी कार, बस, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहनों के शुल्क में 5 से 30 रुपये तक की वृद्धि की गई है। इससे लोग परेशान है।

## भाजपा नहीं चाहती हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिले

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर एसवाईएल नहर के मुद्दे पर हरियाणा के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।



उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि हरियाणा को उसके हिस्से का एसवाईएल का पानी मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्होंने हरियाणा के हित में एसवाईएल नहर का निर्माण जल्द पूरा कराने की मांग की। अभय चौटाला ने कहा कि एसवाईएल मामले में सुप्रीम कोर्ट पहले ही हरियाणा के पक्ष में फैसला दे चुका है। नहर की कुल लंबाई 214 किलोमीटर है, जिसमें 92 किलोमीटर हरियाणा में और 122 किलोमीटर पंजाब में है। हरियाणा ने अपने हिस्से का निर्माण पूरा कर दिया, जबकि पंजाब में नहर बनवाने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने एसवाईएल का पानी नहीं दिलवाना चाहती।

### मुख्यमंत्री शिकायत निवारण सलाहकार बोले- जिला स्तर पर ही हों अधिकतर शिकायतों का समाधान

# सीएम विंडो को फिर मिलेगा नया दम, जवाबदेही होगी तय : खदरी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के पूर्व अध्यक्ष भोपाल खदरी ने मुख्यमंत्री शिकायत निवारण सलाहकार का कार्यभार संभालते ही स्पष्ट कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता मुख्यमंत्री विंडो (सीएम विंडो) को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगी। उन्होंने कहा कि ऐसा तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकांश शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर ही हो जाए और लोगों को अपनी समस्या लेकर चंडीगढ़ न आना पड़े। खदरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंशा है कि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। इसी दिशा में सीएम विंडो को पूरी सक्रियता के साथ संचालित किया जाएगा और प्रत्येक शिकायत की नियमित निगरानी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी, ताकि एसडीएम, उपायुक्त और संबंधित विभाग निर्धारित समय में शिकायतों का निस्तारण करें। इससे लोगों का समय बचेगा और मुख्यमंत्री कार्यालय पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। भोपाल खदरी ने बताया कि वह जल्द ही जिलों का दौरा कर शिकायत निवारण व्यवस्था का आकलन करेंगे तथा सीएम विंडो से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जिन विभागों में सबसे अधिक शिकायतें आती हैं, उनके वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अलग से समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस, बिजली, राजस्व और जनसंपर्क से जुड़े विभागों की शिकायतों पर विशेष फोकस रहेगा।


**उत्तर रेलवे**
ई-टेंडरिंग
खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी – 06/2026–27, दिनांक: 15.07.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोल प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 विद्युत–06/2026–27 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल के अन्तर्गत 102 स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर के ऑफिस/पैनल/VDU रूम/पावर केबिन में एयर कंडीशनर लगाना; अंबाला डिवीज़न के खानालामपुरा में ROH डिपो पर मौजूदा एडमिन बिल्डिंग को गिराकर नई दो-मंजिला एडमिन बिल्डिंग बनाना; अंबाला रेलवे स्टेशन का सॉफ्ट अपग्रेडेशन/सुधार; और बठिंडा के C&W डिपो में वॉशिंग लाइन नंबर 1 और 2 की मरम्मत और सुधार करके इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को बढ़ाने हेतु विद्युतीय कार्य। | रु. 2,22,52,677.22 | रु. 4,45,100.00 | 06 महीने | 06.08.2026 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN / TIN / GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **2454/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**DISTRICT RED CROSS SOCIETY, ROHTAK**
NOTICE INVITING OPEN TENDER

The Worthy Deputy Commissioner-cum-President, District Red Cross Society, Rohtak invites e-tender under two bid system for the following work/items through e-tender system:

| Sr. No. | Name of work and file reference. | E-Tender Cost (Rs.) | EMD/Bid Money @ 10% of Reserve Price for One Year | Reserve Licence Fee Per Month | Reserve Licence Fee for One Year |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Allotment of Shop No. 07 (Chemist) in Shopping Complex in UHS, Rohtak for one year extendable for another two years on yearly basis subject to satisfactory report with the condition that licence fee of the said shop will be increased by 10% of the licence fee per year. | Rs. 2,000/- (Rupees Two Thousand Only) | Rs. 7,20,000/- (Seven Lakh Twenty Thousand Only) | Rs. 6,00,000/- (Six Lakh Only) per month + GST extra as applicable | Rs. 72,00,000/- (Seventy-Two Lakh Only) for one year + GST extra as applicable |

1. The e-tender form can be downloaded from the e-tender link available on www.etenders.hry.nic.in.
2. The cost of e-tender of Rs. 2,000/- & e-service fee of Rs. 1,000/- + GST extra as applicable (Non-refundable) and Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 7,20,000/- (refundable) have to be deposited online. Non-submission of e-tender cost and EMD would lead to rejection of the e-tender. No exemption from the submission of Earnest Money was allowed in the above-mentioned tender on any ground.
3. E-tender will be uploaded on 17.07.2026.
4. Pre-bid meeting will be held on 21.07.2026 at 3:00 PM in the office of Secretary, District Red Cross Society, Rohtak.
5. Last date of submission/receipt of e-tender(s) is 27.07.2026 up to 05:00 PM.
6. Technical Bid of e-tender will be opened on 04.08.2026 at 10:00 AM onwards in the office of Secretary, District Red Cross Society, Rohtak.
7. E-tender received through fax/email or after the above said schedule date and time will not be considered.
8. Possession of Digital Signature Certificate (DSC) and registration of the contractors on portal i.e. http://www.etenders.hry.nic.in is a prerequisite for e-tendering.
9. Terms and conditions on each aspect as specified in the e-tender document should only be followed.
10. It is clarified that no hard copy of the bid documents/supporting documents shall be accepted. Only the documents which have been uploaded on the e-portal shall be considered. If any document is found missing from the uploaded e-tender on website, it will be the responsibility of the bidder.
11. For more information, please log on to website: https://redcrossrohtak.org/ and portal etenders.hry.nic.in.

Secretary, District Red Cross, Rohtak.



**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: 77-80-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 13.07.2026, (पी.वे और सिविल कार्य), मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 77-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा/पूर्व रेलवे के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/इंचार्ज/ट्रैक डिपो/ साहिबगंज के लिए पी. वे सामग्री की अनलोडिंग" के पी. वे कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 25,18,423.50, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 78-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों -मालदा टाउन कॉलोनी, न्यू फरक्का, बड़हरवा, मणिग्राम आदि में विद्युत सब-स्टेशन और विद्युत परिसंपत्तियों के संवर्धन के संबंध में शेष कार्य और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 35,69,443.72, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 79-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में विश्वसनीयता में सुधार के लिए गनकर, मणिग्राम, चामाग्राम और जंगीपुर रोड में दूसरे (द्वितीय) डिटेक्शन के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 75,13,211.95, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 80-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे/ भागलपुर-II के खंड में बाराहाट (छोड़कर) से दुमका (छोड़कर) सिंगल लाइन खंड में थ्रू रेल रिन्यूअल 47.35 टीकेएम के कार्य एवं अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 5,19,08,433.22, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 05.08.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/मालदा टाउन। MLD-133/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**उत्तर रेलवे**
ई-निविदा
खुली निविदा संख्या 18-अम्बाला/2026-27 दिनांक 15/07/2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बठिंडा-श्रीगंगानगर खंड पर कि.मी. 57/1-2 पर बंद समपार फाटक सं. 39 के निकट 4.0 मी. X3.0 मी. आकार के सीमित ऊँचाई वाले सबवे (LHS) का पुशिंग तकनीक द्वारा निर्माण। | 3,67,42,918 | 7,34,900 | 10 महीने | 07.08.2026 |
| 2 | एडीईएन/चंडीगढ़ के अधीन लालरू एवं धप्पर रेलवे स्टेशनों पर थ्रू टर्नआउट नवीनीकरण (TTR) सहित TWS/CMSC/TSR कार्य। | 97,41,208 | 1,94,800 | 12 महीने | 07.08.2026 |
| 3 | एडीईएन/चंडीगढ़ के अधीन चंडीगढ़, चंडीमंदिर, खरड़, मोहाली एवं जेएनसीवी रेलवे स्टेशनो पर थ्रू टर्नआउट नवीनीकरण (TTR) सहित TWS/CMSC/TSR कार्य। | 1,13,43,604 | 2,26,900 | 12 महीने | 07.08.2026 |
| 4 | अम्बाला छावनी (यूएमबी) यार्ड में 5BT एवं 5T रिलप रहित डायमंड का नवीनीकरण। | 3,16,28,131 | 6,32,600 | 12 महीने | 07.08.2026 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-II (Sr. DEN-II) के अधीन 12.20 मीटर तक स्पैन वाले पुलों के स्टील गर्डरों का पीएससी स्लैब (PSC Slab) से प्रतिस्थापन तथा अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण, जिसमें धूरी-बठिंडा खंड के पुल सं. 206 (स्पैन 2×12.19 मीटर), 231 (स्पैन 3×12.19 मीटर), धूरी-जाखल खंड के पुल सं. 215 (स्पैन 1×12.00 मीटर) तथा जाखल-हिसार खंड के पुल सं. 4 (स्पैन 3×12.20 मीटर) एवं 6 (स्पैन 2×12.20 मीटर) सम्मिलित हैं। | 3,92,03,777 | 7,84,100 | 18 महीने | 07.08.2026 |

नोट: 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2450/26

रोहतक
शुक्रवार 17 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 163
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 42.0°C
न्यून. 25.5°C

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



5 जापान ओपन : हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में





# जगन्नाथ रथयात्रा में भगदड़ एक की मौत, 100 घायल

## पुरी में पहांडी रस्म के दौरान लोग भगवान के रथों के पास जाने लगे | वॉलेंटियर पीछे हटाने लगे, तो धक्का मुक्की होने लगी, भगदड़ मच गई

बारिश के बावजूद 12 लाख से ज्यादा लोग जुटे, सरकार बोली, कोई भगदड़ नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओडिशा के पुरी में गुरुवार को जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शाम 5 बजे पहांडी रस्म के दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए अचानक लोग रथों के पास जाने लगे। यात्रा रूट पर मौजूद वॉलेंटियर लोगों को पीछे हटा रहे थे। तभी भीड़ में धक्का-मुक्की होने लगी। इससे भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। जब भगदड़ मची उस वक्त पुरी में तेज बारिश हो रही थी। इसके बावजूद 12 लाख से ज्यादा लोग यात्रा रूट पर मौजूद थे। सांस लेने में तकलीफ के बाद कई लोगों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शाम करीब 7.30 बजे भगवान जगन्नाथ का रथ आगे बढ़ सका। कुछ ही मीटर चलने के बाद पहले दिन की यात्रा रोक दी गई। यह शुक्रवार सुबह दोबारा शुरू होगी और 3 किमी दूर बने गुंडीचा मंदिर तक जाएगी। अग्निशमन सेवा के महानिरीक्षक उमाशंकर दाश ने बताया कि जिस 'बड़ा डंडा' (रथ मार्ग) से रथों को श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है, वहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। श्री गुंडिचा मंदिर को इन देवी-देवताओं का जन्मस्थल माना जाता है।



### पहले भी 2 बार भगदड़ हो चुकी

**18 जुलाई 2015**

नवकलेवर वर्ष होने के कारण जगन्नाथ रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे। भगवान बलभद्र का रथ खींचे जाने के दौरान ग्रैंड रोड के मारिचिकोट चौक के पास अचानक भीड़ बढ़ गई। लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। दम घुटने से 2 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हुए।

**29 जून 2025**

जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान गुंडिचा मंदिर के बाहर सरधाबली इलाके में तड़के हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए जुटे थे। इसी दौरान भीड़ एक साथ आगे बढ़ने लगी। लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिससे भगदड़ मच गई। हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हुई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए।


## पीएम मोदी आज देंगे प्रदेशवासियों को हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात

# एसपीजी ने बदला रूट, अब सीधा रामलीला मैदान में उतरेगा चौपर

**सुरक्षा कारणों से बदलाव**
पहले रोड शो कर रैली स्थल जाना था, अब बाइपास से जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को होने वाले जींद दौरे से कुछ घंटे पहले उनका रूट बदल दिया गया। अब उनका चॉपर सीधे जींद रेलवे स्टेशन के पास रैली ग्राउंड में उतरेगा। जहां देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वो शुक्रवार को 10 बजकर 45 मिनट पर जींद पहुंचेंगे। ट्रेन को झंडी दिखाने से लेकर रैली तक उनका करीब 40-45 मिनट का ही शेड्यूल रहेगा। उसके बाद चंडीगढ़ रवाना होंगे। पहले उन्हें शहर के बीच से होकर रोड शो के साथ रैली स्थल तक जाना था। अब रेलवे स्टेशन से पटियाला चौक, नरवाना चौक होते हुए अमरेहड़ी के पास जींद बाईपास पर चढ़ेंगे। वहां से हैबतपुर रोड से रैली स्थल (एचएसवीपी ग्राउंड) पहुंचेगा। बताया जा रहा है कि स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसजीपी) के अधिकारियों के निरीक्षण के बाद यह बदलाव किया।



**10:45** पर जींद पहुंचेंगे, 45 मिनट रुकेंगे उसके बाद चंडीगढ़ रवाना होंगे

### इन परियोजनाओं का भी करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इनमें करीब 350 करोड़ की लागत से बने कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन, भिवानी और नारनौल के नए सरकारी मेडिकल कॉलेज, अंबाला में 1857 के शहीद स्मारक, दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा हिस्से, अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड कॉरिडोर तथा कुरुक्षेत्र में आधुनिक सिख संग्रहालय का शिलान्यास शामिल है।

**सरकार की एडवाइजरी**

### होर्मुज रूट पर नहीं होगी भारतीय नाविकों की तैनाती

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा जोखिम को देखते हुए भारत ने अगले आदेश तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों (सीफेयरर्स) की नई तैनाती पर रोक लगा दी है। यह आदेश जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधन कंपनियों और नाविकों की भर्ती करने वाली रिक्रूटमेंट एंड प्लेसमेंट सर्विस लाइसेंस कंपनियों पर लागू होगा। सरकार ने सभी समुद्री कंपनियों को अरब की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट और आसपास के समुद्री इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब इसी हफ्ते होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास हुए ईरानी हमलों में दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के बाद इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा बढ़ गया है।

**नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट जारी, 11.21 लाख छात्र पास**

# हरियाणा के पांशुल, पंजाब के आर्यन संयुक्त टॉपर, 720 में 715 नंबर पाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार देर रात नीट-यूटी 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल करीब 20 लाख स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 11.21 लाख स्टूडेंट्स मेडिकल, डेंटल, आयुष और अन्य मेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए क्वालीफाई हुए हैं। पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉप किया। परीक्षा में 19 स्टूडेंट्स ने 700 से ज्यादा, जबकि 138 उम्मीदवारों ने 690 से अधिक अंक हासिल किए। टॉप स्कोरर्स में 93% से ज्यादा स्टूडेंट्स ने पहली बार परीक्षा दी थी। 99% टॉप रैंकर्स की उम्र 17 से 19 साल के बीच रही। क्वालीफाई करने वाले कुल उम्मीदवारों में 58 फीसदी से ज्यादा छात्राएं और 55.1 फीसदी छात्र हैं। स्टूडेंट्स अपना स्कोरकार्ड neet.nta.nic.in पर देख सकते हैं। पेपर लीक के कारण 3 मई को हुई नीट-यूटी 2026 की परीक्षा रद्द हो गई थी। इसके बाद एनटीए ने 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई। देश और विदेश के 551 शहरों में 5,440 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा 13 भाषाओं में हुई थी।



पांशुल बंसल आर्यन गुप्ता

**19 स्टूडेंट्स ने 700 से ज्यादा, जबकि 138 उम्मीदवारों ने 690 से अधिक अंक हासिल किए। उम्मीदवारों में 58% छात्राएं और 55.1% छात्र उत्तीर्ण**

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक 28 जुलाई को

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में आगामी 28 जुलाई को 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल की इस बैठक में विकास कार्यों को गति देने पर मंथन किया जाएगा।

### निजी कक्षीय रॉकेट विक्रम-1 का प्रक्षेपण कल

**हैदराबाद।** स्काईरूट एयरोस्पेस के 'विक्रम-1' कक्षीय रॉकेट को इसकी पहली परीक्षण उड़ान के तहत 18 जुलाई को पूर्वाह्न 11:30 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र-एसएचएआर के प्रथम 'लॉन्च पैड' से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब पूर्ण रूप से किसी निजी कंपनी द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया कक्षीय श्रेणी का रॉकेट भारतीय धरती से उड़ान भरने की कोशिश करेगा। *एजेंसी*

## संशोधित अंतिम परिणाम पर अंतरिम रोक लगाई

# 291 कार्यरत टीजीटी शिक्षकों को हाई कोर्ट से मिली राहत

आयोग की कार्रवाई निष्पक्षता की कसौटी पर खरी नहीं उतरी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती के संशोधित अंतिम परिणाम पर अंतरिम रोक लगाते हुए 291 कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अदालत ने कहा कि संशोधित परिणाम के कारण लगभग 711 अभ्यर्थियों पर प्रतिकूल परिणाम पड़े हैं, जिनमें 291 ऐसे शिक्षक शामिल हैं जिन्हें बिना नोटिस, सुनवाई और कारणयुक्त आदेश से सेवा से बाहर कर दिया गया। हाई कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) की कार्रवाई निष्पक्षता और तर्कसंगतता की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने सविता एवं अन्य याचिकाकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आयोग और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त निर्धारित की। अदालत ने आदेश दिया, इस बीच 28 मई को जारी संशोधित अंतिम परिणाम के संचालन पर रोक रहेगी ताकि याचिकाकर्ताओं की सेवा की यथास्थिति बनी रहे।

**बिना नोटिस और सुनवाई रोक प्रथम दृष्टया अनुचित**

## इसरो में वैज्ञानिक आसानी से नहीं छोड़ पाएंगे नौकरी

■ 100 वैज्ञानिकों के नौकरी छोड़ने या रिटायरमेंट लेने के बाद केंद्र का फैसला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) के गगनयान और दूसरे अहम मिशनों से जुड़े वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) पर अब पहले की तरह आसानी से मंजूरी नहीं मिलेगी। अंतरिक्ष विभाग ने 14 जुलाई को नया निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ग्रुप ए वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे या वीआरएस के आवेदन नियमित प्रक्रिया के तहत स्वीकार नहीं किए जाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये निर्देश ऐसे समय आए हैं, जब पिछले 10 महीनों के दौरान 100 से ज्यादा कर्मचारी इसरो छोड़ चुके हैं। सबसे ज्यादा इस्तीफे बेंगलुरु के यूआर राव सैटेलाइट सेंटर और तिरुवनंतपुरम के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर से हुए हैं।

## 9वीं में नियम लागू करने से बच्चों पर बढ़ेगा तनाव

# 5वीं-छठी से शुरू करें तीसरी भाषा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सीबीएसई को 9वीं से थ्री लैंग्वेंज पॉलिसी लागू नहीं करनी चाहिए। 9वीं कक्षा की पढ़ाई पहले से मुश्किल है, ऐसे में तीसरी भाषा को शामिल करने की क्या जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इससे स्टूडेंट्स का मानसिक तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार से कहिए कि ऐसा न करें। जस्टिस बीवी नागरथना और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि तीसरी भाषा को क्लास 5 या 6 में ही शुरू कर दिया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसके साथ अधिक प्रभावी ढंग से तालमेल बिठा सकें। दरअसल, बेंच तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। तमिलनाडु सरकार जेएनवी में लागू थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी के पक्ष में नहीं है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि तीसरी भाषा को पढ़ाना 6वीं क्लास में शुरू करना चाहिए और 9वीं में इसे बंद कर देना चाहिए।

● छात्र इससे अधिक प्रभावी ढंग से तालमेल बिठा सकेंगे तमिलनाडु सरकार से कहा- ऐसा रवैया रखना ठीक नहीं



### पॉलिसी पर रोक से इनकार

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीबीएसई की थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या अंग्रेजी को भारत की स्वदेशी (मूल) भाषा माना जा सकता है। साथ ही इसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों को लेकर सरकार और सीबीएसई से 10 दिन में जवाब मांगा है। अब 14 दिन बाद 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी। दरअसल, थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी मौजूदा 2026-27 सेशन से लागू कर दी गई है। नई पॉलिसी के मुताबिक स्टूडेंट्स को 2 भारतीय भाषाएं और एक विदेशी भाषा पढ़नी होगी।



## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशियों की घुसपैठ की साजिश का खुलासा बल्लभगढ़ में छापेमारी

**बल्लभगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की भारत में घुसपैठ से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत गुरुवार को हरियाणा समेत चार राज्यों में कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी विशेष तौर पर एक ऐसे गिरोह की गतिविधियों की जांच कर रही है जो विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत लोक परमार्थ न्यास के जरिये काम करता है और इसे ब्रिटेन की कुछ संस्थाओं से चंदा मिला था। ईडी को आशंका है कि संदिग्ध लोगों को भारत में बसने में मदद करने के लिए छह हजार, आठ हजार और 10 हजार रुपये की छोटी-छोटी किस्तों में पैसे अंतरित किए गए। इनके फर्जी दस्तावेज भी तैयार करवाए गए। उन्होंने बताया कि उप्र के सहारनपुर (देवबंद), दिल्ली के जामिया नगर, हरियाणा के बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) और पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना, उत्तर 24 परगना और मुर्शिदाबाद में लगभग 13 जगहों पर छापेमारी की।

### नकल रहित संचालित हुई सेकेंडरी विज्ञान की परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने बताया कि प्रदेशभर में संचालित हुई सेकेंडरी विज्ञान विषय की परीक्षा में नकल का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। विज्ञान विषय की परीक्षा में प्रदेशभर में 18 परीक्षा केन्द्रों पर 58 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए। विशेष उड़नदस्ते द्वारा जिला भिवानी के परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, जहां पर बिना किसी हस्तक्षेप के परीक्षा संचालित हो रही थी। स्टाफ मुस्तैदी से तैनात नजर आया। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को संचालित होने वाली सेकेंडरी की पंजाबी व संस्कृत व्याकरण विषय की परीक्षा में प्रदेशभर में 41 परीक्षा केन्द्रों पर 7,966 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## यमुनानगर, फरीदाबाद और गुरुग्राम में बहा युवकों का खून

# पत्नी से छेड़छाड़ के शक में कमरे में 2 घंटे तक युवक की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र के गांव नत्थनपुर में पत्नी से छेड़छाड़ के शक में उसके पति व अन्य ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय आकिल निवासी सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक पिछले करीब डेढ़ महीने से नत्थनपुर स्थित केसीसी प्लांट में जेसीबी ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के चचेरे भाई एवं पाजराना के पूर्व सरपंच मुशर्रफ ने बताया कि आकिल नौकरी के कारण प्लांट के पास ही किराये के कमरे में रहता था। उसके कमरे से करीब 200 मीटर की दूरी पर आरोपी अनिल अपने परिवार के साथ रहता है। मुशर्रफ के अनुसार आरोपी अनिल की पत्नी अक्सर अपनी बकरियां चराने के लिए प्लांट परिसर की ओर चली जाती थी। आकिल उसे कई बार वहां बकरियां न चराने के लिए मना करता था। इसी बात को लेकर आरोपी अनिल को शक हो गया और वह आकिल पर अपनी पत्नी से छेड़छाड़ करने के बेबुनियाद आरोप लगाने लगा। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आकिल अपने कमरे पर मौजूद था। इसी दौरान आरोपी अनिल अपनी पत्नी और दो अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा। आरोपियों ने आकिल को कमरे से बाहर निकालकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद वे उसे जबरन अपने कमरे पर ले गए। मुशर्रफ ने आरोप लगाया कि इस दौरान मौके पर मौजूद एक रसोइये ने आकिल को छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन आरोपियों ने उसे भी धमकी देकर भगा दिया। इसके बाद आरोपियों ने करीब दो घंटे तक अपने कमरे में आकिल के साथ बेरहमी से मारपीट की। प्लांट के अन्य कर्मचारी आकिल को छुड़ाने के लिए पहुंचे। जब वे उसे वहां से बाहर लाए तो उसने दम तोड़ दिया। छछरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य सहानपुर से यमुनानगर पहुंचे। मुशर्रफ ने बताया कि आकिल शादीशुदा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं।



**तीन बच्चों का पिता व जेसीबी ऑपरेटर आकिल प्लांट में आरोपी की पत्नी को बकरियां चराने से करता था मना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज**

> छछरौली थाना प्रभारी वेदपाल ने बताया कि मामले में आरोपी अनिल, पुजारी और अनिल के भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### ढाबे पर युवक की चाकू मारकर ली जान



**फरीदाबाद।** पल्ला थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात ढाबे पर हुए झगड़े में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सेहतपुर के नए पुल के पास एक ढाबे पर दिल्ली के मोड़बंद इलाका निवासी दीपक अपने दो दोस्त राहुल और राजकुमार के साथ रात 12 बजे परांठा खाने गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एक युवक से किसी बात को लेकर राजकुमार की कहासुनी व हाथापाई हो गई। इसी दौरान आरोपी युवक ने ढाबे से चाकू उठाकर राजकुमार के पेट में वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। राजकुमार को घायल देखकर राहुल का भी आरोपी से विवाद हो गया। इसी बीच दीपक अपने दोनों दोस्तों को छुड़ाने के लिए आगे बढ़ा। आरोप है कि आरोपी ने दीपक की गर्दन के नीचे भी चाकू मार दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। 28 वर्षीय दीपक ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसका परिवार मूल रूप से उत्तराखंड के बागेश्वर का रहने वाला है।

### पिता की रिवाल्वर से दोस्त को मारी गोली

**गुरुग्राम।** गांव बहरामपुर में बुधवार रात अपने पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से एक युवक ने अपने ही दोस्त की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी लक्की घायल दोस्त को अस्पताल लेकर भी पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव को वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, बहरामपुर गांव निवासी लक्की ने बुधवार रात करीब आठ बजे अपने दोस्त 28 वर्षीय आकाश को घर से बुलाया। आकाश दिल्ली के बदरपुर इलाके का रहने वाला था। दोनों पार्टी करने के लिए कार से निकले थे। इसी दौरान कार में मौजूद लक्की के पिता की लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली चली, जो आकाश के सिर में जा लगी।

# फरीदाबाद में नीट की छात्रा ने 17वीं मंजिल से कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले के भूपानी थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-88 की एसआरएस रोयल हिल्स सोसाइटी में छात्रा ने 17वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान करीब 20 वर्षीय दानविता के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ सेक्टर-88 में रहती थी। सुबह करीब 11:30 बजे उसने टॉवर ए-2 की 17वीं मंजिल से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दानविता ने नीट की परीक्षा दी थी, लेकिन उसे उम्मीद के अनुसार अंक नहीं मिले थे। इसी बात को लेकर वह पिछले काफी समय से मानसिक तनाव और डिप्रेशन में थी। परिजनों का कहना है कि इसी कारण उसने यह कदम उठाया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या उच्च विद्यालय जाटूसाना (2575), खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी के जर्जन भवन की नीलामी हेतु योग्य एवं रजिस्टर्ड बोली दाता को दिनांक 21.07.2026 को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। 30 हजार रुपये सिक्योरिटी आवेदक बोली दाता को बोली के समय जमा करानी होगी तथा सफल बोली दाता को 100 प्रतिशत राशि नगद, चैक या डी.डी. के माध्यम से उसकी स्कूल मुखिया या एस.एम.सी. के पास जमा करानी होगी। जर्जर भवन को निर्धारित समय में तोड़ना होगा। बाकी नियम व शर्तें बोली के समय बता दी जाएगी।

मुख्याध्यापक
रा० क० उ० विद्यालय जाटूसाना

**कार्यालय नगरपालिका बवानीखेड़ा**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:- 6H137T90 व 6HGBN9H6 जो श्रीमति सुशीला पत्नी मुकेश कुमार के नाम दर्ज है। पी०आई०डी०:- 6H137T90 व 6HGBN9H6 को श्री मुकेश कुमार पुत्र शिवकुमार अपने नाम दर्ज करवाना चाहता है। श्रीमति सुशीला पत्नी मुकेश कुमार की मृत्यु दिनांक 21.06.2026 को हो चूकी है। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 08.07.2026 की वारसान तसदीक अनुसार 1. श्री मुकेश कुमार पति 2. श्री सुभम पुत्र 3. श्रीमति विशाखा पुत्री श्रीमति सुशीला पत्नी मुकेश कुमार के वारिस होते है। श्री सुभम व श्रीमति विशाखा द्वारा उपरोक्त दोनो प्रोपर्टी 6H137T90 व 6HGBN9H6 को श्री मुकेश कुमार पुत्र शिवकुमार के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा/आपति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा / आपति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवे अन्यथा म्याद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- सचिव,
नगरपालिका, बवानीखेड़ा।

# टायर बदल रहे तीन युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

जीटी रोड पर बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के समीप बुधवार देर रात कार का पंक्चर टायर बदल रहे तीन युवकों को ट्रक ने कुचल दिया। इसमें दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव शाहपुर तगा का रहने वाला मोहित अपने जानकार फरीदाबाद के गांव घरोरा के उमेश और सुनील के साथ कार में समालखा से घर लौट रहा था। बाल भवन स्कूल के पास उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। जिसके बाद कार को सड़क किनारे खड़ा कर मोहित और सुनील टायर बदलने लगे, जबकि उमेश उनके साथ खड़ा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को टक्कर मार दी।

हादसे में मोहित और सुनील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फरार ट्रक चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।







गन्नौर। हादसे में क्षतिग्रस्त कार व मृतक मोहित व अमित के फाइल फोटो।

### पलवल में ट्रैक्टर ने 2 बच्चों को कुचला

**पलवल।** जिले के गुरवाड़ी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे अपने परिजनों के लिए खेतों में खाना लेकर जा रहे थे। यह घटना 15 जुलाई को दोपहर के समय हुई। गुरवाड़ी गांव निवासी खुशीराम ने चांदहट थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे राजू और विष्णु के साथ नंगला गुरवाड़ी से आगे खेतों में भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान, खुशीराम का बेटा योगेश और विष्णु का भाई हिमांशु घर से उनके लिए दोपहर का खाना लेकर आ रहे थे। दोनों बच्चे पैदल सड़क पर चल रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। खुशीराम के भतीजे राजू ने भाग रहे ट्रैक्टर ड्राइवर की पहचान चांदहट गांव निवासी कुलदीप उर्फ टुल्ली के रूप में की।

# हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य बतरा का कॉर्डियक अरेस्ट से निधन

- बुधवार देर रात घर के बाथरूम में बेसुध मिले, तीन घंटे प्रयास के बाद भी नहीं बचाई जा सकी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ, हॉली हार्ट अस्पताल के निदेशक व भाजपा नेता डॉ. आदित्य बतरा की बुधवार की रात कॉर्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। उनके निधन से पूरे चिकित्सक जगत सहित रोहतक में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह गमगीन माहौल में शीला बाईपास स्थित रामबाग में उनका अंतिम संस्कार किया गया। 45 वर्षीय डॉक्टर आदित्य बतरा अस्पताल से सर्जरी कर बुधवार देर रात घर पहुंचे तो बाथरूम में ही बेसुध होकर गिर पड़े। करीब 3 घंटे तक अनुभवी चिकित्सकों ने कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन देकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी जान बचाई नहीं जा सकी। वे अपने पीछे पत्नी डॉ. मयंका, एमबीबीएस कर रही बेटी काशवी और आठवीं में पढ़ने वाले बेटे अदयांत को छोड़ गए हैं।



### कैप्टन अभिमन्यु ने जताया शोक

उनके निधन पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा डॉ. बतरा के साथ हमारे परिवार के वर्षों पुराने एवं अत्यंत आत्मीय पारिवारिक संबंध रहे हैं। उनका निधन केवल चिकित्सा जगत ही नहीं, बल्कि समाज और भाजपा परिवार के लिए भी अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

**MUNICIPAL COMMITTE, KALANAUR** **नगरपालिका कलानौर।**

**सार्वजनिक सूचना**

**"कैच द रेन अभियान-इस बारिश, आइए जुड़ें, लें जल संचय का संकल्प"**

नगरपालिका कलानौर द्वारा भारत सरकार एवं निदेशालय, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा के निर्देशानुसार "Catch the Rain Campaign" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण एवं भू-जलस्तर में सुधार करना है। नगरपालिका कलानौर समस्त नागरिकों से अपील करती है कि वे जल संरक्षण हेतु निम्नलिखित उपाय अपनाएँ:

- प्रत्येक घर, संस्थान, विद्यालय, कार्यालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान में Rain Water Harvesting System अपनाएँ।
- वर्षा जल संचयन हेतु Recharge Pit/Recharge Shaft का निर्माण कर वर्षा जल को भू-जल में समाहित करने में सहयोग करें।
- पुराने कुओं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य पारंपरिक जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं संरक्षण में सहयोग करें।
- वर्षा जल निकासी मार्गों, नालों एवं जलाशयों में कचरा न डालें तथा उन्हें अवरुद्ध न होने दें।
- अधिक से अधिक वृक्षा रोपण करें तथा हरित क्षेत्र बढ़ाकर जल संरक्षण में योगदान दें।
- जल का विवेकपूर्ण एवं आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें तथा जल की प्रत्येक बूंद को बचाने का संकल्प लें।

अपने परिवार, पड़ोस एवं समाज में जल संरक्षण के प्रतिजन-जागरूकता फैलाएँ तथा "Catch the Rain Campaign" में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

"क्योंकि जल है तो कल है।"

हस्ता/-सचिव
नगरपालिका, कलानौर।

संवाद-1078/11/1096/2027/47218/C/88/6 दि. 16.07.2026

# गोद ली बच्ची से घर में सौतेले भाइयों ने किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एसजीएम नगर थाना क्षेत्र में गोद ली एक नौ वर्षीय बच्ची से घर में दो नाबालिग लड़कों ने कई दिनों तक गैंगरेप किया। बच्ची को रात में नशीला पदार्थ पिलाकर वारदात को अंजाम दिया जाता था। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऑटो चालक ने बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं। कुछ समय पहले उसके ऑटो मालिक ने उसे बताया कि उसकी जानकारी में एक व्यक्ति है, जिसके दो बेटे हैं और वह एक लड़की को गोद लेना चाहता है। एक जुलाई को उसने भरोसा कर अपनी नौ वर्षीय बेटी उस व्यक्ति के साथ भेज दी। करीब नौ दिन बाद 10 जुलाई को वह व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बच्ची को वापस छोड़ गया। उसने कहा कि पहले गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया पूरी करवा दो, उसके बाद ही बच्ची को अपने साथ रखेंगे। पिता ने बताया कि उनके जाने के बाद बच्ची रोने लगी और उसने आपबीती सुनाई। बच्ची के अनुसार, उस व्यक्ति के 15 और 16 वर्षीय दोनों बेटे रात के समय उसे पीने के लिए कोई दवाई देते थे। दवाई पीने के बाद वह गहरी नींद में चली जाती थी। पुलिस प्रवक्ता यशपाल का कहना है कि जांच जारी है।

# गुरुग्राम से 13 बांग्लादेशी नागरिक डिपोर्ट, इंटरनेशनल बॉर्डर पर पुलिस के साथ भेजा



**गुरुग्राम।** अवैध रूप से रह रहे बंगलादेश के 13 नागरिकों को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक विशेष टीम ट्रेन से इन्हें लेकर इंटरनेशनल बॉर्डर के लिए रवाना हो गई। एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 23 पुलिसकर्मियों की एस्कॉर्ट टीम गठित करके सभी 13 बांग्लादेशी नागरिकों को सुरक्षा के साथ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मालदा टाउन एक्सप्रेस से रवाना किया गया है। एस्कॉर्ट टीम विदेशी नागरिकों को पश्चिम बंगाल स्थित मालदा टाउन तक सुरक्षित पहुंचाएगी, जहां से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी., रोहतक क्षेत्र से बंदरों को पकड़ना और उनको वनों में छोड़ना (पुनः आमंत्रण)। | 16.07.2026 23.07.2026 | रु. 14.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47230/I/88/6 दि. 16.07.26

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन विभाग हिसार | हिसार, हांसी और आदमपुर रेंज के विभिन्न वन्य खण्डों में नये पौधारोपण कार्य और राज्य, कैम्पा, एनएच-9 स्कीम के तहत 49 कार्य और पौधारोपण का रखरखाव। | 14.07.2026 22.07.2026 | 2394.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9992222537 dfohisar.t@gmail.com |
| 2 | सिविल सर्जन कैथल | ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | 16.07.2026 27.07.2026 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | अनुबंध आधार पर दो वर्ष के लिए पूर्ण प्रणाली की सात वर्षीय वारंटी सहित सोलर हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 17.07.2026 18.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/60/47258/I/88/6 दि. 16.07.26

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6289




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवर्णेद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 6288 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



## पर्यावरण कार्यकर्ता की गिरती सेहत पर हाईकोर्ट में सुनवाई, केंद्र ने कहा

# डॉक्टर वांगचुक के स्वास्थ्य पर नजर रखेंगे, जरूरत पर मेडिकल सहायता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत को लेकर दायर जनहित याचिका का निपटारा कर दिया है। केंद्र सरकार ने अदालत में इस बात पर सहमति जाहिर की कि सरकारी डॉक्टर सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य पर नजर रखेंगे और जब भी जरूरत महसूस होगी उन्हें मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की बेंच ने कहा कि हर नागरिक का जीवन अनमोल है। सरकार का रुख सकारात्मक होने के कारण अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया। वांगचुक नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के खिलाफ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे हैं।



### केजरीवाल ने वांगचुक से की मुलाकात

- धर्मेंद्र प्रधान को हटाकर वांगचुक को शिक्षा मंत्री बनाया जाए
- आप के राष्ट्रीय संयोजक ने भाजपा को याद दिलाया कांग्रेस का 'अहंकार'

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक से दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुलाकात की। केजरीवाल ने कहा कि वो सोनम वांगचुक को सलाम करते हैं जो देश के बच्चों के लिए अनशन कर रहे हैं। हमारे देश में ऐसे बहुत सारे टीचर हैं जिन्होंने पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाई, उनको गिरफ्तार किया, उन्हें भी सलाम है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 4 अप्रैल 2011 के दिन यहां अन्ना हजारे बैठे थे। 2011 में तब की सरकार (कांग्रेस नेतृत्व वाली) बहुत अहंकार में थी। तीन साल बाद उनकी सरकार नहीं बची। आज 2026 है, अगर सरकार ने बात नहीं सुनी तो 2029 में इनकी भी सरकार नहीं बचेगी। धर्मेंद्र प्रधान को हटाकर सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाया जाए।

### खत्म करें अनशन देश को आपकी जरूरतः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में खुलकर बयान दिया और उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की। वांगचुक पिछले 19 दिनों से यहां जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के आरोप में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस इस मामले को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोल रही है और प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सोनम वांगचुक पिछले 19 दिनों से केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस डेढ़ महीने से यही मांग कर रही है।




## यूपी–एटीएस ने बंगाल में तृणमूल नेता के आवास पर मारा छापा

- विदेशी वित्तपोषण से मदरसा निर्माण का मामला

**कोलकाता (भाषा)।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद रोधी दस्ते (यूपी-एटीएस) ने विदेशी वित्तपोषण से मदरसे का निर्माण मामले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर पर छापे मारे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल पुलिस के अधिकारी ने बताया कि हसनाबाद के रामेश्वरपुर इलाके में अब्दुल्ला गाजी के घर पर छापेमारी के अलावा, यूपी-एटीएस ने स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता से पूछताछ भी की। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में हारोआ समेत कई अन्य जगहों पर भी इसी तरह की तलाशी ली जा रही है और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी भी जांच में मदद कर रहे हैं। गाजी के घर पर छापेमारी केंद्रीय बलों की सुरक्षा व्यवस्था में की गई। अधिकारी ने बताया कि एटीएस ने यह कदम उन आरोपों के बाद उठाया है, जिनमें कहा गया था कि रामेश्वरपुर में मदरसा बनाने के लिए विदेश से तृणमूल नेता से जुड़े खातों में बड़ी रकम आई थी। उन्होंने बताया कि एजेंसी धन के स्रोत, वित्तीय लेन-देन और संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।

## हरेला पर्व पर श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय का शुभारंभ

**हरिद्वार।** हरेला पर्व के पावन अवसर पर देश के एकमात्र हर्बल वर्ल्ड श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री वृहद् पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृहद पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालयः आयुर्वेद के जनक और आरोग्य के शाश्वत प्रतीक भगवान धन्वंतरि के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि यह इकाई हर्बल जगत में दुनिया का पहला जीवंत उद्यान होगी जहां विविध भौगोलिक क्षेत्रों से पौधे एकत्रित किए जाएंगे। स्वामी जी ने कहा कि हर्बल वर्ल्ड हिमालय केवल वनस्पतियों का केंद्र नहीं है; यह वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चेतना का एक आंदोलन है। आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस धाम में 9 चिकित्सा पद्धतियाँ और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विद्याएँ को समाहित किया



गया है। मुख्य अतिथि धामी ने कहा कि हम यहां एक उद्यान अथवा एक संस्थान की चर्चा करने के लिए नहीं, बल्कि स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के उस महान संकल्प, विराट दृष्टि और सभ्यतागत चेतना के साक्षी बनने के लिए उपस्थित हैं, जो भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

## जोधपुर की जेल में 2 हत्यारों की होगी शादी, 22 को दोनों लेंगे फेरे

» *युवक ने पड़ोसी और युवती ने पति का मर्डर किया था*





**जोधपुर।** जोधपुर के मंडोर ओपन जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे युवक-युवती 22 जुलाई को फेरे लेंगे। राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इसकी अनुमति दे दी है। राजस्थान के न्यायिक इतिहास में यह पहला मौका होगा जब किसी ओपन जेल (खुला बंदी शिविर) परिसर के भीतर दो दोषियों की शादी होगी। युवक नागौर का, जबकि युवती मुंबई की रहने वाली है। जेल में ही दोनों में नदीकियां बढ़ीं और शादी का फैसला किया। यह ऐतिहासिक आदेश न्यायमूर्ति डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह भाटी एवं न्यायमूर्ति प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने जारी किया। मंडोर ओपन जेल में रहकर सजा काट रहे मूलाराम भाटी (33) और सीमा (31) आगामी 22 जुलाई को शादी करेंगे। सीमा की सहेली के पिता कन्यादान करेंगे। शादी के निमंत्रण पत्र (कार्ड) में पिता के स्थान पर उनका ही नाम लिखा गया है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, यह शादी मंडोर ओपन एयर में ही जेल प्रशासन की सख्त निगरानी में होगी।

### दोनों को जेल में ही हुआ प्यार

जानकारी के अनुसार, नागौर जिले के अडसिंगा का रहने वाला मूलाराम करीब दो साल पहले अजमेर जेल से जोधपुर की मंडोर ओपन जेल में शिफ्ट हुआ था। मुंबई की रहने वाली सीमा को करीब डेढ़ साल पहले महिला जेल से इसी ओपन जेल में भेजा गया था। ओपन जेल के नियमों के तहत दोनों वहां खेती का काम करते थे। रोज काम के दौरान दोनों का संपर्क हुआ, बातचीत बढ़ी और धीरे-धीरे यह नजदीकियां प्यार में बदलती चली गईं। हाल ही में सीमा को 40 दिन की पैरोल (जमानत) मिली है, जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। मूलाराम ने अपने पड़ोसी, तो सीमा ने अपने पति की हत्या की थी। कोर्ट ने इन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### मप्र के कुबरेश्वर धाम में भिखारियों से ठगी

## 200-200 रुपये के नकली नोट देकर चिल्लर ले उड़े



भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार

**सीहोर(मप्र)।** मप्र के सिहोर के प्रसिद्ध कुबरेश्वर धाम में भिखारियों के साथ शातिरों ने ठगी की है। मंदिर परिसर में भीख मांगकर गुजारा करने वाले तीन से चार गरीब वृद्धों और दिव्यांगों के साथ एक बदमाश ने धोखाधड़ी की। शातिर आरोपी ने उन्हें 200-200 रुपये के नकली नोट देकर चिल्लर के नाम पर करीब 8 से 10 हजार रुपये ले लिए। यह घटना मंडी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। सोमवार देर शाम कुछ अज्ञात लोग मंदिर परिसर पहुंचे और वहां मौजूद भिखारियों से बातचीत करने लगे। इस दौरान काला कोट पहने एक व्यक्ति ने कहा कि उसकी पत्नी कुबरेश्वर धाम में चिल्लर चढ़ाना चाहती है, इसलिए उसे छोटे सिक्कों की जरूरत है। इसी बहाने उसने भिखारियों को नकली 200-200 के नोट थमाए और उनसे चिल्लर लेकर तुरंत वहां से गायब हो गया। थोड़ी देर बाद जब पीड़ितों ने इन नोटों का उपयोग करने की कोशिश की, तो उन्हें पता चला कि नोट नकली हैं। एक भिखारी ने बताया कि जब वह नाश्ता खरीदने दुकान पर पहुंचा और दिए गए नोट से भुगतान करना चाहा, तब दुकानदार ने नोट को नकली बताया, जिससे उसके होश उड़ गए। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी ने उनकी गरीबी का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया और भाग निकला।

### फ्लैट बुकिंग के नाम पर 40 को लगाया चूना

## 30 करोड़ धोखाधड़ी में उप्र के 8 पुलिसकर्मियों पर गाज

- 8 को लाइन हाजिर किया, थाना प्रभारी भी हटाए गए

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में फ्लैट बुकिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 30.56 करोड़ की ठगी से जुड़े केस में एफआईआर में कथित रूप से गंभीर धाराएं नहीं लगाने के आरोप सही पाए जाने के बाद नंदग्राम थाने के आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। नंदग्राम थाना प्रभारी को भी क्राइम ब्रांच भेज दिया गया है। पुलिस विभाग ने इस मामले में कई प्रशासनिक फेरबदल भी किए हैं। आगरा से स्थानांतरित होकर आए संतोष कुमार त्रिपाठी को नंदग्राम थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। भोजपुर थाना प्रभारी प्रताप सिंहबालियान के गैर जनपद तबादला कर दिया गया।

### क्या है मामला

हाल ही में एएसआर सेंट्रल एवेन्यू प्रोजेक्ट और राइट अर्थ इंफ्रा एलएलपी से जुड़े बिल्डरों के खिलाफ नंदग्राम थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। एफआईआर में एएसआर सेंट्रल एवेन्यू के बिल्डर संदीप कुमार गुप्ता, राइट अर्थ इंफ्रा एलएलपी के वरुण मक्कड़ समेत अन्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। आरोप है कि फ्लैट बुकिंग के नाम पर करीब 40 निवेशकों से 30.56 करोड़ की धोखाधड़ी की गई।



## चिंतन

# तीर्थयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्टेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसून
योगेश कुमार सोनी




# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई। राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है।

यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित
प्रेरणा

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*- मांगेराम, रोहतक*

## ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

**-शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री

### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

**-सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी



झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

**-बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

### ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू



अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत (गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।

## ऑफ बीट

### कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला


लामिन यामल
युवा स्ट्राइकर, स्पेन

**न्यूयॉर्क।** विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है।



## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

## अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। दोहा में होने वाली थी भिड़ंत नहीं हो पाई थी दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

## वर्तमान और भविष्य के बीच होगा मुकाबला

यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है। स्पेन ने 6 मैच जीते, एक रहा ड्रा।

## अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है। इसके अलावा वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहे हैं।

## फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास

### 12 गोल में मदद करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

## मेस्सी 'मैजिक' देख इंग्लैंड के खिलाड़ी केन भी हुए कायल

## अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े। ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे।

## अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

**अटलांटा।** अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।




## इटली के मूर्तिकार ने तैयार की है विश्व कप ट्रॉफी



**मिलान।** फीफा विश्व कप ट्रॉफी का डिजाइन इटली के एक मूर्तिकार ने तैयार किया है। उन्होंने इस सर्पिलाकार आकृति में खेल से जुड़ी तीन भावनाओं को दर्शाने की कोशिश की है जिसमें खिलाड़ियों का संघर्ष, प्रशंसकों का उल्लास और जीत का क्षण शामिल हैं। जब ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा विश्व कप जीतकर मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था तो विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने एक नए डिजाइन के लिए खुली प्रतियोगिता शुरू की। इसके बाद सिल्वियो गजानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में स्थित अपने स्टूडियो में ट्रॉफी का डिजाइन तैयार किया। यह डिजाइन अब दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों की आंखों में रच बस चुका है। इसमें दो मानव आकृतियां पृथ्वी को पकड़े हुए हैं। विश्व कप फाइनल के बाद विजेता टीम का कप्तान जिस ट्रॉफी को हासिल करता है वह 36 सेंटीमीटर (14 इंच) ऊंची है और 18 कैरेट सोने से बनी है। यह हरे रंग के दो छल्लों वाले आधार पर टिकी है।

यह छल्ले खेल के मैदानों के प्रतीक हैं।

## मालोन और टॉम क्रूज सहित फीफा के समापन समारोह में दिखाई देंगे कई मुख्य कलाकार



**न्यूयॉर्क।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह में मुख्य प्रस्तुति देंगे। यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है। **कौन-कौन से कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण :** इस समारोह में आईशोस्पीड व टॉम क्रूज सहित इटली की गायिका लौरा पौसिनी, टोनी पुरस्कार विजेता और पुसीकैट डॉल्स की सदस्य निकोल शेर्जिंगर; और ब्रिटिश गायक और टेक दैट के पूर्व सदस्य रॉबी विलियम्स द्वारा प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। जेनिफर हडसन अमेरिकी राष्ट्रगान गाएंगी। रविवार को टूर्नामेंट का पहला हाफटाइम शो भी होगा, जिसमें कई जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह का आयोजन माकर बालिच के नेतृत्व वाले बालिच वंडर स्टूडियो के साथ साझेदारी में किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप




### क्वालीफायर में भारत का मुकाबला इराक और सीरिया से

**कुआलालंपुर।** भारतीय अंडर17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ हाउस में बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी।

### आचार संहिता का उल्लंघन पर बराड़ को एक 'डिमैरिट' अंक

International Cricket Council

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच दौरान 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए चेतावनी दी है और उनके खाते में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। बराड़ को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया, जो लेवल एक का अपराध है। आईसीसी ने बयान में कहा, ''इसके अलावा बराड़ के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक 'डिमैरिट' अंक जोड़ा गया है। यह उनका पिछले 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के आठवें ओवर में घटी, जब बराड़ ने फील्डिंग करते समय गेंद को 'अनुचित और खतरनाक तरीके से' बल्लेबाज की ओर फेंक दिया था।

## अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

# रोहतक के सूरज और रोहित का हुआ चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रोहतक के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें 60 किलोग्राम के सूरज और 65 किलोग्राम में रोहित का चयन हुआ है। इसके लिए वीरवार को ट्रायल लखनऊ में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 16 अगस्त से 23 अगस्त तक स्लोवाकिया में खेली जाएगी। सूरज जिले के मेहर सिंह अखाड़े में अभ्यास करता है। रोहित गर्वनमेंट कॉलेज सांपला का छात्र है और ओलंपियन योगेश्वर दत्त रेसलिंग अकादमी में अभ्यास करता है। सूरज ने बताया कि वर्ष 2018 में ओलंपियन पहलवान सुशील व पहलवान योगेश्वर को देखकर खेलना शुरू किया था। सूरज ने बताया कि उस समय गांव में कोई कुश्ती नहीं खेलता था। राके पहलवान के पास शुरू में खेलना शुरू किया। इसके बाद जिले में देव कॉलोनी स्थित मेहर सिंह अखाड़े में आ गया था, तभी से यहीं पर कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता हूं।

उन्होंने बताया कि पिता रवि प्रकाश खेती करते हैं, मां सुमन गृहिणी व दो भाई हैं। इससे पहले सूरज ने 2025 में वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। सूरज का तीन बार एशियन प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दो बार इस प्रतियोगिता में पदक जीत चुका है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश, कोच रणबीर ढाका, कोच रामफल मान, मेहर सिंह अखाड़ा संचालक मोहित मलिक, डॉ. संजीत मलिक, कोच सोनू, कोच रिंकू और कोच मनोज कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विश्वनाथ और गंगा ने स्वर्ण पर जमाया कब्जा

एजेंसी ⏭ जकार्ता

भारतीय जूनियर मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) और गंगा (55 किग्रा) ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई अंडर-19 और अंडर-23 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अंडर-23 पुरुष फाइनल में भारत ने दो स्वर्ण पदक हासिल कर प्रभावित किया। मौजूदा सीनियर एशियाई चैंपियन विश्वनाथ ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में जापान के डायची इवाई पर 3-2 से जीत दर्ज कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं गंगा ने भी कजाखस्तान के बेजुलाटन बोरानबेक पर समान अंतर से जीत दर्ज की।



### अन्य मुक्केबाजों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वंशज (65 किग्रा) ने फाइनल में चुनौती पेश की लेकिन उज्बेकिस्तान के इखोमजोन अर्गाशेव से 1-4 से हारकर रजत पदक से संतोष किया। अंडर-19 पुरुषों के फाइनल में भारतीय मुक्केबाजों ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन रजत पदक ही जीत सके। आदित्य (55 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के एलियोर रूस्तामोव से 0-5 से जबकि शुभम राजपूत (90 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के असादबेक सुल्तानबोएव से इसी अंतर से पराजय मिली।

# जापान ओपन: हान यू को हराकर सिंधू क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ⏭ तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया।



### अब मुकाबला जापान की नोजोमी से

इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था।

### तनीशा-कपिला की जोड़ी हुई बाहर

तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं।

## वनडे : तीन मैचों की सीरीज को एक-एक से बराबर किया, कोहली 65 रन पर आउट

# इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया, जो रूट ने बनाए 99 रन

एजेंसी ⏭ कार्डिफ

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। टीम ने 234 रन का टारगेट 44.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जो रूट 99 रन बनाकर नाबाद लौटे। गस एटकिंसन ने 16 बॉल पर नाबाद 23 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट, प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथेल, गुरनूर बरार ने हैरी ब्रूक और विल जैक्स, शिवम दुबे ने सैम करन, जबकि अक्षर पटेल ने जोस बटलर का विकेट लिया। शुरुआती झटकों के बावजूद रूट ने पारी संभालते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत 44 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गया था। श्रेयस अय्यर (66) और विराट कोहली (65) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं और चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। आखिर में जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 20 रन बनाकर टीम को 230 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन ने 3-3 विकेट लिए।



### लॉर्ड्स वनडे हो सकता है रोहित का आखिरी मैच



**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को होने वाला तीसरा वनडे मुकाबला रोहित शर्मा के इंटरनेशनल करियर का आखिरी मैच साबित हो सकता है। बीसीसीआई की सिलेक्शन कमेटी ने रोहित शर्मा को साफ कर दिया है कि वह 2027 वनडे वर्ल्ड कप की योजना का हिस्सा नहीं हैं। कमेटी ने इंग्लैंड दौरे के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ बैठक में उन्हें यह फैसला बताया। हालांकि, बोर्ड ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

- **दावा :** 2027 वर्ल्डकप योजना का हिस्सा नहीं





# भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी की नई शुरुआत: पहली बैठक में रक्षा, सेमीकंडक्टर और सप्लाई चेन पर हुआ मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बेल्जियम ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने के उद्देश्य से 15 जुलाई 2026 को पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता आयोजित की। दोनों देशों ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई। यह रणनीतिक वार्ता भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) रणनीतिक साझेदारी के तहत नियमित और परिणामोन्मुख राजनीतिक संवाद का नया मंच बनेगी।

◆ पहली रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवो ने की, उच्च स्तरीय बैठकें होंगी


विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री प्रिवो से मिलते हुए

## पिछले साल से बन रही थी सहमति

बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा, सुरक्षा, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि मार्च 2025 का बेल्जियम आर्थिक मिशन दोनों देशों के व्यापार, निवेश और नवाचार भविष्य में सहयोग को और गति देंगे। वहीं विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि यूरोप के साथ भारत के संबंधों में बेल्जियम का विशेष स्थान है।

# ई-20 पेट्रोल डालने से इंजन खराब कंज्यूमर कोर्ट बोला- मारुति नई कार दे या लौटाएं पैसे

## रायपुर में देश का ऐसा पहला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देशभर में पेट्रोल में ई-20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित ईंधन) के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी बीच रायपुर में ई-20 पेट्रोल से कार के इंजन के खराब होने का मामला सामने आया है। इससे जुड़े मामले में कंज्यूमर कोर्ट ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और उसके अधिकृत डीलर को जिम्मेदार ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि नई कार दी जाए या 20 लाख लौटाए जाए। कोर्ट ने माना कि गाड़ी का इंजन ई-20 फ्यूल के हिसाब से नहीं था, फिर भी कार कस्टमर को बेची गई। कोर्ट ने कहा कि 45 दिनों के अंदर ग्राहक को उसी मॉडल की नई कार दी जाए, जो ई-20 फ्यूल के अनुकूल हो। अगर ऐसा नहीं किया तो कंपनी को वाहन की पूरी कीमत करीब 20.5 लाख रुपए और अन्य खर्च भी लौटाने होंगे। ई-20 से कार खराब होने पर कस्टमर को मुआवजा देने का यह देश का पहला मामला है। डॉ. प्रेमराज देबता ने बताया कि उन्होंने जून 2024 में मारुति सुजुकी की नेक्सा डीलरशिप से ग्रैंड विटारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड जेटा प्लस खरीदी थी। खरीदारी के समय डीलर ने बताया था कि कार दिसंबर 2023 में मैन्युफैक्चर हुई है, लेकिन बाद में आयोग के रिकॉर्ड से पता चला कि कार जनवरी 2023 में मैन्युफैक्चर हुई थी।

### मारुति उपभोक्ता आयोग के आदेश को देगी चुनौती

मारुति सुजुकी इंडिया जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (रायपुर) के उस आदेश को अदालत में चुनौती देगी, जिसमें कंपनी को एक ग्राहक के वाहन को 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल ( ई20) अनुकूल वाहन से बदलने का निर्देश दिया गया है। कंपनी ने इसके लिए ईंधन में मिलावट का हवाला दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि कार पूरी तरह से ई20 अनुकूल थी ईंधन में मिलावट के सबूत मिले हैं।


## खबर संक्षेप

### ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति डॉ. हुसैन आज से भारत दौरे पर



**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति के आमंत्रण पर ज़ंज़ीबार के राष्ट्रपति एवं रिवोल्यूशनरी काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. हुसैन अली म्विनी आज यानी 17 से 20 जुलाई तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी, कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डॉ. हुसैन अली म्विनी भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-तंजानिया संबंधों की समीक्षा करेंगे और भविष्य में सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

### न्यूजीलैंड में 5.9 तीव्रता का आया भूकंप,हड़कंप



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप में गुरुवार रात स्थानीय समयानुसार 9:14 बजे 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद प्रशासन ने एहतियातन सुनामी की चेतावनी जारी की, जिसे कुछ समय बाद वापस ले लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ कस्बे से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में था। शुरुआती आकलन में इसकी तीव्रता 6.3 बताई गई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 5.9 कर दिया गया।

## बिम्सटेक देशों के एनएसए की 5वीं बैठक को संबोधित करते हुए बोले भारत के एनएसए

# संघर्षों के दौर में बातचीत के जरिए खोजा जाना चाहिए साझा समस्याओं का समाधान: डोभाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों और भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पांचवीं महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिसकी अध्यक्षता करते हुए भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने अपने संबोधन में दुनिया के सामने विकराल रूप में खड़ी मुख्य समस्याओं जैसे संघर्षों और अन्य चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी वजह से हमारे सामने सुरक्षा और आर्थिक खतरे काफी बढ़ गए हैं। एक ओर तीव्र गति से होते रहे तकनीकी विकास ने सुरक्षा के खतरे को बढ़ा दिया है। तो दूसरी ओर वैश्विक सप्लाई चेन में आ रही परेशानियों के चलते आर्थिक समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए समूह के सभी देशों के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग को बढ़ाने, निर्णायक कदम उठाने और संवाद के जरिए आपसी समस्याओं का निदान खोजा जाना बेहद जरूरी है। उधर, जानकारों का कहना है कि एनएसए डोभाल ने अपने इस बयान के जरिए बंगाल की खाड़ी से लेकर हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) तक के इलाके में बढ़ती चीन की आक्रामकता के खिलाफ अप्रत्यक्ष रूप से उसे साफ शब्दों में संदेश दे दिया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि बैठक में बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान और थाईलैंड के एनएसए और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने भाग लिया। बीते बुधवार को एनएसए डोभाल ने समूह देशों के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की थी।

### बिम्सटेक की खास बातें

- **मुख्य लक्ष्य:** क्षेत्रीय सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना।
- **आपसी एकजुटता:** वैश्विक स्तर पर उभरती चुनौतियों का मिलकर सामना करना।
- **रणनीतिक जुड़ाव:** दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना।
- **भारत का संकल्प:** क्षेत्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए भारत पूर्ण सहयोग देने को प्रतिबद्ध है।
- **सहयोग के क्षेत्र:** समुद्री सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में आपसी तालमेल बढ़ाना।
- **विदेश नीति का आधार:** भारत नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट को मजबूती प्रदान करता है।




### बिम्सटेक देशों में रहती 22% आबादी

बिम्सटेक की स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी। आज इसमें कुल 7 देश शामिल हैं। जिनमें भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं। एनएसए डोभाल ने यह भी कहा कि समूह के सात सदस्यीय देशों में कुल 1.7 अरब से अधिक लोग रहते हैं। यह दुनिया की लगभग 22% आबादी होती है और इन देशों का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। ऐसे में हमारा समूह विश्व के बेहद अहम और सक्रिय क्षेत्रों में से एक है।

### भारत के लिए बिम्सटेक के मायने

डोभाल ने कहा, हमारे देश में बिम्सटेक पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और महासागर विजन का अहम हिस्सा है। जिसके केंद्र में बंगाल की खाड़ी के समूचे इलाके में सुरक्षा और विकास के लिए कदम उठाया जाना शामिल है। खाड़ी क्षेत्र हमें भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि हजारों सालों से निरंतर चली आ रही सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ती है। यही वह मजबूत आधार है, जिसके तहत समूह देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाया है।

**नए खतरों से मिलकर करेंगे मुकाबला:** उन्होंने कहा कि आतंकवाद से मुकाबला, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, साइबर और समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से पार पाने में बिम्सटेक के बीच लगातार सहयोग मजबूत हुआ है। साथ ही हम सभी देश नए और उभरते हुए खतरों का एकजुटता से मुकाबला करने के लिए व्यावहारिक तथा परिणाम आधारित उपायों के पक्ष में हैं। बैठक में हमने इन पर चर्चा भी की है। भारत के एनएसए ने कहा कि हमारे अहम लक्ष्यों में क्षेत्रीय सुरक्षा, कनेक्टिविटी, क्षमता विकास और आर्थिक सुरक्षा जैसे मामले शामिल हैं। यही हमारे भावी सामूहिक प्रयासों का आधार बने रहेंगे।

### बैठक में उठे यह मुद्दे

मंत्रालय ने बताया कि बैठक में बिम्सटेक के महासचिव ने सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को लेकर बनी हुई मौजूदा स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और तमाम क्षेत्रों में हुई प्रगति से भी सदस्य देशों को रूबरू कराया। मानवीय सहायता-आपदा राहत (एचएडीआर) के समुद्री घटक को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देशों को अपनाया गया। जो सदस्य देशों को इलाके में राहत अभियानों के अत्यधिक शीघ्रता तथा प्रभावी ढंग से संचालन में मदद करेंगे।

### समूह ने दोहराए अपने संकल्प

2027 में बिम्सटेक की 30वीं वर्षगांठ के मद्देनजर एनएसए और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, लचीलापन बढ़ाने, संस्थागत क्षमताओं को सशक्त बनाने और तमाम सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए सहयोग, ज्ञान को साझा करने की प्रक्रिया को लेकर अपने संकल्प को दोहराया है। इसके अलावा समुद्र में संपर्क के दौरान समुद्री कानून प्रवर्तन एजेंसियों के व्यवहार के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतो को भी समर्थन प्रदान किया गया है। जिससे समुद्री गतिविधियों में पूर्वानुमान लगाने की क्षमता बढ़ाने तथा सुरक्षा को प्रोत्साहित करने में सहायता मिलने की उम्मीद है।

**इस क्षेत्र को पुल के रूप में जोड़ता समूह** :ये समूह दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया के मध्य एक महत्वपूर्ण पुल है। जो आईओआर के दो सबसे सक्रिय और अहम क्षेत्रों को आपस में जोड़ता है।

## प्यू रिसर्च सेंटर के हालिया ग्लोबल सर्वे में दावा

# अमेरिका की गिरी छवि चीन पर बढ़ा भरोसा

» *डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा लोग चिनफिंग को बेहतर मान रहे*



**वाशिंगटन।** ईरान के साथ जारी युद्ध के बीच अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्यू रिसर्च सेंटर ने 36 देशों को लेकर रिसर्च किया है, जिसमें दावा किया गया है कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है, जबकि चीन के प्रति दुनिया का नजरिया पहले से काफी बेहतर हुआ है। प्यू रिसर्च सेंटर ने 8 फरवरी से 13 मई, 2026 के बीच दुनिया के 36 देशों में 42,151 वयस्कों पर सर्वे किया। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही वैश्विक स्तर पर अमेरिका की छवि बिगड़ने लगी थी। जो इस साल अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है।

### शी पर बढ़ा भरोसा

सर्वे के अनुसार, दुनिया में अब भी एक बड़ा वर्ग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की नीतियों को शक की निगाह से देखता है, लेकिन ट्रंप के मुकाबले जिनपिंग पर भरोसा जताने वाले लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। पाकिस्तान में शी जिनपिंग पर 83 प्रतिशत भरोसा किया जाता है। जबकि ट्रंप पर केवल 12 प्रतिशत भरोसा किया जाता है। उसी तरह भारत में ट्रंप पर 25 प्रतिशत और जिनपिंग पर 39 प्रतिशत भरोसा किया जाता है।

### किन देशों में क्या बदलाव?

स्पेन, इंडोनेशिया, इटली, ग्रीस और कनाडा में चीन के प्रति राय में सबसे बड़ा सुधार हुआ है। वहीं कनाडा और मेक्सिको जैसे अमेरिका के पड़ोसी देश भी अब चीन को अमेरिका से ज्यादा सकारात्मक मानते हैं।

# बंगाल की खाड़ी में दो नावें डूबीं,500 मौतों की आशंका

**रखाइन।** म्यांमार में हिंसा से बचकर भाग रहे 500 से ज्यादा लोगों के समुद्र में लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों के मुताबिक, म्यांमार के तट के पास खराब मौसम में दो नावें गायब हो गईं। इनमें सवार ज्यादातर लोग रोहिंग्या समुदाय के थे। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने संयुक्त बयान में बताया कि दोनों नावें जून के आखिर में म्यांमार के पश्चिमी रखाइन राज्य से रवाना हुई थीं। पहली नाव में करीब 250 लोग सवार थे। रवाना होने के कुछ ही समय बाद उससे संपर्क टूट गया। दूसरी नाव में करीब 280 यात्री सवार थे और माना जा रहा है कि वह 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास डूब गई। रोहिंग्या म्यांमार के रखाइन राज्य का एक मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय है। दशकों से यह समुदाय सरकारी उत्पीड़न, हिंसा और भेदभाव का सामना कर रहा है।

## फिर शुरू हुआ ट्रेड वॉर, पिछले 15 वर्षों से ब्राजील से चल रहा है व्यापार

# अमेरिका ने ब्राजील पर लगाया 25% टैरिफ लूला सरकार ने बताया नियम के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ब्राजील के बीच व्यापारिक तनाव चरम पर पहुंच गया है, जिससे वैश्विक बाजार में एक बार फिर नए ट्रेड वॉर (व्यापार युद्ध) की सुगबुगाहट तेज हो गई है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत ब्राजील से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बड़ी घोषणा की है।

अमेरिका का यह फैसला एक साल लंबी गहन जांच के बाद आया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि ब्राजील की



कई नीतियां अनुचित और भेदभावपूर्ण हैं, जो अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

अमेरिकी जांच में मुख्य रूप से डिजिटल व्यापार, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सेवाओं, बौद्धिक संपदा संरक्षण, इथेनॉल बाजार पहुंच और अवैध वनों की कटाई से जुड़े मुद्दों को अमेरिकी हितों के खि ला फ पाया गया है।

### ब्राजील सरकार ने कड़ा रुख अपनाया

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है क्योंकि लूला सरकार ने बातचीत में सद्भावना नहीं दिखाई। दूसरी ओर, राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के नेतृत्व वाली ब्राजील सरकार ने इस कदम पर कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका पर तीखा पलटवार किया है। ब्राजील ने अमेरिकी फैसले को सिरे से खारिज करते हुए इसे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक दुखद मील का पत्थर और अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय व्यापार नियमों का खुला उल्लंघन बताया है। लूला प्रशासन ने ठोस दलील देते हुए कहा है कि इस एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई का कोई आर्थिक औचित्य नहीं है, क्योंकि अमेरिका ने पिछले 15 वर्षों में ब्राजील के साथ व्यापार में 424.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का भारी-भरकम अधिशेष हासिल किया है।

# सोने का भाव दूसरे दिन स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी का भाव आखिरी बार 29 जून को इस स्तर के आसपास था, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। पिछले चार दिन में इसमें 12,500 रुपये या 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। 10 जुलाई को इसका भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय मांग संतुलित होने के कारण सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही, जबकि लगातार मुनाफावसूली और उद्योग की तरफ से कम लिवाली के कारण चांदी दबाव में रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन सोने की कीमत एक सीमित दायरे में रही।



■ *चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट, सोना 1,46,300 रुपये प्रति दस ग्राम*

# शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

**.मुंबई।** भू-राजनीतिक तनाव के बीच बृहस्पतिवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली का जोर रहने से स्थानीय शेयर बाजार अपनी तेजी को बरकरार नहीं रख पाया और स्थिर स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और एशियाई बाजारों में कमजोरी का भी घरेलू शेयर बाजार पर असर पड़ा। आईटी शेयरों में खरीदारी ने बाजार को एक हद तक समर्थन दिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1.44 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,186.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.26 अंक चढ़कर 77,579.69 अंक तक चला गया था, लेकिन सत्र के अंत में इसने अपनी पूरी बढ़त गंवा दी। वहीं निफ्टी 5.75 अंक की गिरावट के साथ 24,072.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

## राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले हादसा

# कांग्रेस कार्यकर्ता की लोहे का पिलर गिरने से मौत



**देहरादून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के शुक्रवार को प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले बड़ा हादसा हो गया। सनातन धर्म इंटर कालेज बन्नू रेसकोर्स में कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान लोहे का पिलर गिरने से कांग्रेस कार्यकर्ता अमर सिंह मेहता की मौत हो गई। इससे पहले गंभीर रूप से घायल मेहता को सीएमआई अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमर सिंह मेहता महानगर महामंत्री आलोक मेहता के पिता हैं। घटना के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस हादसे के कारणों की जानकारी जुटा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि मंच और पंडाल की तैयारियों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन हुआ था या नहीं। राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम शुक्रवार शाम बन्नू स्कूल मैदान में प्रस्तावित है। हादसे के बाद कार्यक्रम की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28